पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले लायन्स क्लब ऑफ कानपुर गैन्जेज के पदाधिकारी एवं मूक–बधिर बच्चे

लखनऊः 16 दिसम्बर, 2020

जीवन में जिस प्रकार आंखों का महत्व है, उसी प्रकार यदि मानव मूक–बधिर है तो उसकी भी अवस्था अत्यन्त दयनीय है। लायन्स क्लब ऑफ कानपुर गैन्जेज द्वारा एक संकल्प के रूप में 'मूक–बधिर मुक्त उत्तर प्रदेश 2030' की शुरूआत एक सराहनीय कदम है ये विचार राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लायन्स क्लब ऑफ कानपुर गैन्जेज के प्रतिनिधि मण्डल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आपके संगठन द्वारा मूक–बधिर बच्चों के उत्थान एवं विकास हेतु जो प्रयास किये गये हैं वह सराहनीय है। राज्यपाल ने संस्था के माध्यम से स्वस्थ हुए बच्चों से बात की तथा बच्चों को दुलार कर क्लब के सदस्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर लायन्स क्लब ऑफ कानपुर गैन्जेज के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन श्री लॉयन टीकम चन्द सेठिया एवं क्लब के अन्य पदाधिकारी सहित मूक–बधिर बच्चे एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (89/7)